## सार-समाचार

### वार्डों में रंगबिरंगी बेडशीट मिलेगी

**अजमेर**, (कासं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं विभाग की शासन सचिव के निर्देश पर अजमेर संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल सहित जनाना व सेटेलाइट अस्पताल के 3828 बेड पर अब सप्ताह के सातों दिनों के लिए सात रंग की अलग बेडशीट आएगी। बेडशीट को लेकर नए आदेश जारी हुए हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ अरविंद खरे व उप अधीक्षक डॉ अमित यादव ने बताया कि बेडशीट पर रंगों के साथ उन पर सप्ताह के सातों दिन के नाम लिखे हुए आएंगे। सप्ताह के सभी दिनों के नाम लिखे होने से नर्सिंग ऑफिसर को अब परेशानी भी नहीं होगी कि किस दिन कौन सी चादर बिछाई जानी है। सप्ताह के नाम लिखे होने से दिन देखकर चद्दर बिछाई जाएगी। इसे लेकर आदेश जारी किए गए हैं। हर बेडशीट पर सप्ताह के नामों के अलावा चारों ओर कशीदाकारी एम्ब्रोयडरी भी की जाएगी ताकि बेडशीट सुंदर दिखे। इसे लेकर मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया की ओर से आदेश जारी किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों विभाग की शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने जेएलएन अस्पताल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन यूनिट में जिस दिन के रंग की चद्दर रिजर्व की गई थी उसकी बजाय दूसरी चद्दर बिछी हुई थी। इसे लेकर नाराजगी जाहिर की। वहां पर पोस्टर भी लगवाया गया है। ऐसी स्थिति दूसरी जगह नहीं हो, इस कारण ये नया फॉर्मूला निकाला है। ये होंगे बेडशीट के रंग: सोमवार को ग्रे रंग, मंगलवार को पिंक, बुधवार को आसमानी, गुरुवार को सफेद, शुक्रवार को पिंक, शनिवार को आसमानी व रविवार को सफेद रंग की चद्दर बिछाई जा रही है।

### सिटी डिस्पेंसरी में 65 यूनिट रक्तदान

**ब्यावर**,(निसं)। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव 2025 के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन सिटी डिस्पेंसरी मेवाड़ी गेट के अंदर ब्यावर में रखा गया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ बजर बद्दू मंदिर के महंत फतेहगिरी महाराज द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित करके प्रारंभ किया गया। 65 यूनिट रक्तदान किया गया। इस रक्तदान के कार्यक्रम की व्यवस्था के निमित्त अनेक कार्यकर्ताओं ने भरी दोपहरी में भीषण गर्मी ़के बावजूद व्यवस्था की। हिंदू समाज के मातृशक्ति और पुरुष वर्ग ने भयंकर गर्मी होने के बावजूद उत्साह से रक्तदान किया, जिनको ब्यावर के विधायक शंकर सिंह रावत सहित अनेक व्यक्तियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर व दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग मंत्री नितेष गोयल , जिलाध्यक्ष सुरेश वैष्णव , जिलामंत्री गणपत बालोटिया ,जिला संयोजक बजरंग दल - राजीव मिश्रा , नगर मंत्री शैलेष सोनी , हरमीत सिंह , डूंगरमल सांखला , जैकी तिलोकानी , विनोद कुमावत, नन्दू कुमावत , भूपेन्द्र कुमावत , मुरली जादम , महेन्द्र शिसोदिया, राजू लोधा, सुरेश साहू, इन्दर कुमावत , मनन गहलोत, अंजू शर्मा , सुमन मेवाड़ा, हिमांशी मेवाड़ा , दीपा आसवानी , जैकी साहू आदि उपस्थित रहे।

### भंवरलाल नवल को श्रद्धांजलि दी

**परबतसर**, (निस)। भंवरलाल नवल (रैगर रत्न) के निधन पर ज्ञान गंगा छात्रावास प्रबन्धन समिति के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलापरिषद सदस्य अशोक चौहान ने बताया वि नवल का जन्म फरवरी 1947 में राजस्थान के नागौर जिले के छोटी खाटू गांव में हजारीमल नवल और मनोहरी देवी के घर हुआ था। वे अमेरिका में प्रवासी थे और रैगर समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान के लिए जाने जाते हैं। अध्यक्ष रामनिवास चौहान ने बताया कि नवल ने शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक कार्यों के लिए उदारतापूर्वक दान दिया, जिसमें छोटी खाटू में अस्पताल और स्कूल भवनों का निर्माण, 65 सामूहिक विवाह समारोह में विवाह करवाया प्रमुख हैं। सचिव सुवालाल जाटोलिया ने भंवर लाल ावल के किए गए कार्यो में जैसे कोटा में रैगर छात्रावास के लिए 8 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग, जोधपुर में खेतानाडी छात्रावास में 21 लाख रुपये की लागत से एक सभा भवन बनवाया, जिसका उद्घाटन 2005 में हुआ। डॉक्टर ईश्वर चौहान ने कहा कि नवल के द्वारा स्थापित हजारीमल मनोहरदेवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने 1994 से मुंबई के ठक्करबापा कॉलोनी में एक चिकित्सालय चलाया तथा बाजवास व छोटी खाटू में बड़े सामुदायिक चिकित्सालयों का निर्माण करवाया। अधिवक्ता जगदीश नंगलिया ने बताया कि भंवरलाल की समाजसेवा और दानशीलता ने उन्हें रैगर समाज में एक प्रेरणास्त्रोत बनाया। व्याख्याता ओमप्रकाश मौर्या ने बताया कि उनका निधन 19 मई 2025 को अमेरिका में हुआ। उनके पैतृक गांव छोटी खाटू में शोक की लहर दौड़ गई और बाजार बंद रहे।

### जोसगंज में समर कैंप का समापन

**अजमेर**, (कासं)।श्री खाटू श्याम यात्रा सेवा समिति द्वारा जोसगंज में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन रगारग कार्यक्रम के साथ किया गया। समर कैंप में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता मुख्य अतिथि रहे ।समारोह की अध्यक्षता नगर निगम अजमेर में नेता प्रतिपक्ष डाँ द्रोपदी कोली एवं विशिष्ट अतिथि अजमेर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता नरेश राघानी एवं अशोक कच्छावा थे। समर कैंप के संयोजक ऋषभ सिंह ने बताया कि श्री खाटू श्याम यात्रा सेवा समिति द्वारा जोसगंज में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समर कैंप में डांस योगा जूडो कराटे रंगोली पेंटिंग आदि सिखाया गया।समारोह में सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। समर कैंप के समापन पर नन्ही मुन्नी प्रतिभाओ ने अपनी प्रतिभा का रंगारंग प्रस्तुत कर श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया। समारोह में महेंद्र सिंह चौहान, मनोज वाजपेयी, माया चौहान, अमर सिंह, अशोक कच्छावा, कुश महेंद्र सिंह रलावता सहित बड़ी संख्या में गणमाणन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### बीच सड़क पर युवती से मारपीट

**अजमेर**, (कासं)। गंज थाना क्षेत्र में बीच सडक़ पर युवती के साथ ताल घुसों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ई-रिक्शा चालक युवती को बालों से पकडक़र घसीटता हुआ दिखाई दे रहा है और फिर उस पर लात-घूंसे मार रहा है। यह घटना देहली गेट पुलिस चौकी से महज 20 मीटर दूरी पर हुई। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि सडक़ किनारे खड़े लोग तमाशबीन बने रहे, किसी ने भी छुड़ाने का प्रयास नहीं किया। वीडियो वारयल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। पुलिस मामले की जंच में जुटी है। गंज थाना प्रभारी महावीर सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उन्होंने बताया कि गंज और दरगाह क्षेत्र में खानाबदोश लोगों की बड़ी संख्या में आवाजाही रहती है और आए दिन यहां मारपीट और झगड़ों के मामले सामने आते रहते हैं। पुलिस सीसीटीवी, चश्मदीदों और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपित की पहचान में जुटी है।

### किरोड़ी लाल मीणा को लिखा पत्र

**शाहपुरा**, (नि.सं.)। आपदा प्रबंधन मंत्री राजस्थान सरकार किरोड़ी लाल मीणा को भाजपा जिला उपाध्यक्ष अविनाश जीनगर ने पत्र लिखकर शाहपुरा क्षेत्र में 22 मई रात्रि को आये भयंकर आंधी तूफान, चक्रवात से हुए नुकसान की सर्वे करा कर मुआवजा राशि दिलाने को लेकर पत्र लिखा। जीनगर ने शाहपुरा क्षेत्र मे सर्वे कराकर तूफान की वजह से हुए आर्थिक नुकसान मे आमजन को सरकार आर्थिक मदद के लिए मंत्री को निवेदन किया है।

### शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। शहरी क्षेत्र में अनियमित जल सप्लाई के साथ कम प्रेशर पर हो रही जलापूर्ति को लेकर भाजपा युवा नेता पंकज पहाड़िया ने जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता से मिलकर पानी की विकट समस्या का समाधान कर उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। अधिशाषी अभियंता लोकेश ने कहा कि जलापूर्ति 48 घंटे में की जा रही है, पहाड़िया ने अवगत कराया कियह गलत सूचना है, जलापूर्ति 72 घण्टे में की जा रही है। अधिशाषी अभियंता ने 48 घंटे में जलापूर्ति करने के अलावा प्रेशर की समस्या का भी समाधान करने के लिये आश्वस्त किया।

### राहगीरों को शीतल छाछ पिलाई

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। नौतपा के प्रथम दिन रविवार को उपभोक्ता कल्याण समिति के तत्वाधान में वरिष्ठ समाजसेवी प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त कोठारी व लीला कोठारी के सहयोग से मशीनरी मार्केट स्थित सत्यनारायण मंदिर के बाहर आमजन को नि:शुल्क ऑर्गेनिक छाछ पिलाई। मीडिया प्रभारी पंकज हेमराजानी ने बताया कि प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू के निर्देशन में कार्यक्रम में समिति के अर्चना सोनी, अनीता पहाड़िया, अनिल पारीक, अनीता आर्य, सुरेश धोबी, पं. सत्यनारायण वैष्णव, गीता वैष्णव, अनिल कुमार मेहता, पुष्पा मेहता, ममता शर्मा, रमेश जैन आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# सिंदूर महिलाओं के आत्म सम्मान का प्रतीक है : विधायक भदेल

**अजमेर**, (कासं)। भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य के सम्मान के लिए रविवार को अजमेर में नारी शक्ति द्वारा सिंदूर यात्रा निकाली गई। यात्रा सायं पांच बजे जीसीए कॉलेज से शुरू हुई जो विभिन्न मार्गो से होते हुए राजा साइकिल सर्किल पर संपन्न हुई, जहां विशेष कलश स्थापित किया, जिसमें महिलाओं ने अपने घर से लाया सिंदूर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप अर्पित किया, इसके पश्चात महिलाओं ने भारत माता की आरती की।

अजमेर दक्षिण विधायक एवं सिंदूर यात्रा संयोजक अनिता भदेल ने बताया कि रविवार को भारतीय सेना के आंतकवाद के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में यह सिंदूर यात्रा का निकाली गई है। नारी शक्ति द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय से यात्रा प्रारंभ हुई जो नर्सिंग होम हॉस्पिटल, मार्टिंडल ब्रिज, किसान बेकरी, सत्यनारायण मंदिर, मृदंग टॉकीज, दाता इन होटल से होते हुए राजा साइकिल चौराहे पर संपन्न हुई। भदेल ने बताया कि यात्रा के समापन स्थल पर विशेष कलश स्थापित किया गया, जिसमें महिलाओं द्वारा अपने घर से लाया गया सिंदूर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप अर्पित किया, इसके पश्चात महिलाओं ने भारत माता की आरती की। यात्रा में शामिल महिलाएं लाल रंग की साड़ी व सूट पहनकर शामिल हुई और देशभक्ति की अनूठी मिसाल पेश की।




ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य के सम्मान में अजमेर की नारी शक्ति ने सिंदूर यात्रा निकाली।

विधायक अनिता भदेल ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की घटना हमारे लिए अफसोस जनक एवं दुखद रही है, उक्त जघन्य आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष नागरिकों की हत्या की थी। इस नरसंहार में 26 भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या की गई, जिनमें विशेष रूप से पुरुषों को निशाना बनाया गया। हमले के दौरान आतंकियों ने महिलाओं की मांग का सिंदूर तक मिटा दिया, जो भारतीय संस्कृति और नारी अस्मिता का प्रतीक है। हमारे वीर सैनिको ने अपने शौर्य एवं पराक्रम दिखाकर आंतकवाद को मुंह तोड जबाव दिया है। सिंदूर यात्रा में अजमेर शहर की हजारों की संख्या में मातृ शक्ति ने अपनी सहभागिता निभाई। विधायक भदेल ने कहा कि शहर की मातृ शक्ति द्वारा भारत के प्रति अटूट देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर यात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के वीर सैनिको ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंक को माकूल जवाब दिया और पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत अस्मिता और नागरिकों की रक्षा में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सिंदूर केवल श्रृंगार का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आत्मबल का प्रतिनिधित्व करता है। महिलाओं के लिए आत्मसम्मान का प्रतीक है और मिटाने का प्रयास एक पूरे समाज को चुनौती देने जैसा है।

## बॉक्सर पियल गर्ग का स्वागत किया

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। भीलवाड़ा की बॉक्सर पियल गर्गं ने श्रीलंका के कोलंवो में आयोजित एशियन चैपियनशिप और अन्डर-22 यूथ बॉक्सिंग चैपियनशिप में सिल्वर पदक जीता। इस चौपियनशिप में भाग लेकर प्रियल भीलवाजा की प्रधम अन्तराष्ट्रीय बॉक्सर बन गई है। भीलवाड़ा पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

बॉक्सर प्रियल का फाईनल में कजाकिरतान की प्रसिद्ध वॉक्सर सविना जहक्सेल्याक से हुआ। यह चौपियनशिप 11 मई से 23 मईं तक कोलंबो के सुगाथादासा इन्डोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस चैंपियनशिप में प्रियल ने 80 वजन भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रियल ने 15 वर्ष की आयु् में आर वी बॉक्सींग अकेडमी के कॉच राजेश कोली और विजय पारीक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुरू मं आयोजित जनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सर्प्रथम बॉक्सिंग खेलना प्रारंम किया। इस चैंपियनशिप में सिल्वर पदक जीत कर प्रियल ने अपना बॉक्सिंग सफर आरम्म किया। नेशनल स्तर पर ठामीण विद्युत कॉर्पोरेशन, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया और स्पोटर्स ऑथिरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त मेजबानी में बैंगलोर में आयोजित नेशनल आयोजित अखिल भारतीय साउथ वेस्ट टेलेंट हंट में ओपन बॉक्संग में कांस्य पदक प्रा्त किया। रोहतक (हरियाणा) में आयोजित खेलो इंडिया आरईसी कंबाईड (नोर्थ, साउथ, वेस्ट और ईस्ट) टर्नामेंट सिल्वर पदक प्राप्त किया । आर्मेनिया में आयोजित जूनियर वलेड बॉक्सिंग चैंपियनशिप खेलने के लिए भारतीय टीम के लिए आयोजित ट्रायल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंडिया कंप में चयन, भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम की हेड कोच गीता चानूके नेतृत्व में कोचिंग ग्हणकीव उससे सराहना भीप्राप्तकी। सीबीएसई वेस्ट जोन (त्रीगंगानगर) और अखिल भारतीय सीबीएसईं (महेंद्रगद, हरियाणा) में पदक प्राप्त किए। 2 बार नेशनल स्कूल चैपियनशिप में चयन हुआ जिसमें एक वार प्रतिभमागिता (महाराष्ट्र) की ओर सिल्वर पदक प्राप्त किया। तीसरी बार यूथ नेशनल चेंपियनशिप की तिथि टकराने नेशनल स्कल प्रतियोगिता में भाग नहीं लेकर नोयडा में आयोजित 7वीं महिला यथ ओपन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने को वरीयता दी और कास्य पदक प्राप्त किया वअच्छा प्रदर्शन करने पर भारत ओलिंपयन बॉक्सर विजेन्द्र से प्रशंसा प्राप्त की। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पटना (बिहार) में आयोजित खेलों इंडिया यथ बॉक्सिंग चैपियनशिप में भाग लिया। प्रियल क्षा 12 विज्ञान-गणित विषय हाल ही में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हई है। पढ़ाई मं अच्छी है। मविष्य में एनडीए और साइबर क्षेत्र आईटी जॉब के माध्यम से देश की सेवा करने की इच्छा रखती है।

आज भीलवाडा लौटने पर प्रियल का परिजनों ने ढोल-नगाडों और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया, घर में उत्सव और हर्ष का माहौल रहा और उनके माता-पिता व दादा-दादी की आंखों में गर्व व ख्शी के आंसू छलक पडे, जिससे पूरे नगर में गीख और प्रेरणा का वातावरण बना।

# डिफेन्स कॉलोनी में गली दो पर पुलिया निर्माण की मांग



अजमेर में वरुण सागर रोड स्थित डिफेंस कॉलोनी गली नंबर दो पर पुलिया बनाने की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया।

**अजमेर**, (कासं)। वरुण सागर रोड स्थित डिफेंस कॉलोनी गली नंबर दो पर पुलिया बनाने की मांग को लेकर रविवार को क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन किया।

क्षेत्रीय निवासी धर्मेंद्र जैन ने बताया कि डिफेंस कॉलोनी गली नंबर 2 में 80 से 100 मकान बने हुए हैं और बिजली पानी की सुविधा भी है सभी का पट्टा एवं रजिस्ट्री है एवं कॉलोनी में पक्की सड़क बनी हुई है परंतु वर्तमान में बाड़ी नदी के पुन निर्माण एवं विस्तार का काम चल रहा है जिससे कॉलोनी वासियों को आशका है कि कॉलोनी में रास्ता बंद किया जा सकता है।

क्षेत्रीय वासियों ने डिफेंस कॉलोनी गली नंबर 2 का मुख्य मार्ग पर पुलिया निर्माण करने की मांग को लेकर आज प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय निवासियों ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेंद्र सिंह रलावता को मौके पर बुलाकर व्यथा सुनाइ एवं वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

कांग्रेस नेता रलावता ने उच्च अधिकारियों से बात कर राहत दिलाने की आश्वासन दिया। रलावता के साथ शिव कुमार बंसल, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, बच्चन सिंह रावत, कुश महेंद्र सिंह रलावता उपस्थित थे।

इस अवसर पर कॉलोनी के धर्मेंद्र जैन, ऋषिकेश जांगिड़, बाबूलाल यादव, मनीष शर्मा, गोविंद कारपेंटर, मनोज लाइट वाले, मनोज यादव सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## डॉ. खरे ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अजमेर**, (कासं)। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में मानसून के दौरान पानी भरने की समस्या के मद्देनजर रविवार को अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने परिसर की जल निकासी और पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया और उन्होंने मानसून से पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जेएलएन अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि अस्पताल के पीछे स्थित नाले में एसटीपी के कारण बैक फ्लो की समस्या बनी हुई है, जिससे गंदा पानी उल्टा बहकर अस्पताल परिसर में फैलने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या की जानकारी एसटीपी अधिकारियों को दे दी गई है ताकि मानसून से पहले सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके।

पार्किंग व्यवस्था को लेकर अधीक्षक ने नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि अस्पताल में बेतरतीब ढंग से वाहन पार्क करने की प्रवृत्ति से मरीजों और स्टाफ दोनों को असुविधा होती है। इस संबंध में पार्किंग प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं कि जिन स्थानों पर अवैध पार्किंग होती है वहां बैरिकेडिंग लगाई जाए। साथ ही महिला स्टाफ के लिए नर्सिंग हॉस्टल के पास अलग से पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। डॉ. खरे ने चेतावनी दी कि पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## कथा ज्ञान महायज्ञ जारी

**अजमेर**, (कासं)। जूना अखाड़े के महंत नरेंद्र गिरि महाराज के सान्निध्य में परीक्षित विद्यासागर सविता एवं मुन्नी देवी भर्तना वालों की ओर से चल रही संगीतय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास आचार्य पंडित बृजमोहन शास्त्री (वृंदावन धाम) ने विभिन्न कथा प्रसंगों का वर्णन किया।

कथा व्यास आचार्य पंडित बृजमोहन शास्त्री ने तीसरे दिन की कथा में रविवार को विभिन्न प्रसंगों और कथाओं को सुनाया जिनमें ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गई।

वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए। कथा के दौरान श्रद्धालुओं के समक्ष सृष्टि वर्णन के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया।

कथा व्यास पंडित शास्त्री ने कथा मनुष्यों का क्या कर्तव्य है, इसके बारे में विस्तार से समझाया बताया कि कथा सुनकर ही मनुष्य को इसका बोध होता है। विडंबना यह है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है, जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। श्रीमद्भागवत कथा जीवन के सत्य का ज्ञान कराने के साथ ही धर्म और अधर्म के बीच के फर्क को बताती है। कथा के बीच में भजन भी सुनाए जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो कर झूमने लगे। कथा के परीक्षित विद्यासागर सविता एवं मुन्नी देवी परिवार के सदस्य अंजू ने बताया कि संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ प्रतिदिन दोपहर 11 से सायं 5 बजे तक चल रही है, कथा का विराम 29 मई को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ होगा। कथा के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

## सांसद अग्रवाल ने स्वस्तिधाम में चोरी पर जताया रोष

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज जहाजपुर के स्वस्ति धाम जैन मंदिर में पिछले दिनों हुई चोरी को लेकर रोष जताया। पुलिस के आला अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर जल्द ही कार्यवाही कर मामले का पटाक्षेप करने के लिए निर्देश दिए। जल्द ही नकजबन को पकड़कर मन्दिर के आभूषण दिलवाने के लिए कहा।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि अग्रवाल आज भारतवर्ष जैन समाज के धार्मिक आस्था के केन्द्र स्वस्तिधाम जहाजपुर पहुंचे। उन्होंने पिछले दिनों हुई चोरी पर नाराजगी जताई व जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से बात कर मामले ने शीघ्र ही गिरफ्तारी कर माल की बरामदगी के लिये कहा।

अग्रवाल ने पुलिस उपाधिक्षक राजेश आर्य, डिप्टी नरेंद्र कुमार, सीआई राजकुमार नायक को बुलाकर घटना की जानकारी को लेकर चर्चा की व चोरी का तुरंत खुलासा कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर इस तरह की घटनाएं कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वस्तिधाम के पदाधिकारियों से जानकारी ली व विराजमान तपस्वी स्वस्तिभूषण माता जी को आश्वस्त किया कि जल्द ही चोरी का खुलासा होगा व मन्दिर के आभूषण बरामद किए जाएंगे। इस मौके पर विधायक गोपी चंद मीणा, प्रधान कोटडी करण सिंह बेलवा स्वस्तिधाम मन्दिर ट्रस्ट के महामंत्री ज्ञानेंद्र जैन , कोषाध्यक्ष महावीर जैन, भाजपा नेता देवेंद्र दानी, पार्षद ओम पाराशर व स्वस्ति धाम के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चे अंग्रेजी सीख रहे हैं



इन्टैक द्वारा ब्यावर वॉक के तहत सुभाष उद्यान में एबीसी कार्यक्रम हुआ।

**ब्यावर**, (नि.स.)। भारतीय सांस्कृतिक निधि (इन्टैक) ब्यावर अध्याय द्वारा रविवार सुबह सरकारी स्कूल्स के छात्र-छात्राओं के अंग्रेजी बोलो क्लब (एबीसी) को सुभाष उद्यान में प्रकृति तथा पर्यावरण से जोड़ते हुए अंग्रेजी बोलने हेतु प्रेरित किया। यहां बच्चों को उद्यान में लगे विविध पौधों के अंग्रेजी, हिन्दी व देशी नामों के साथ इनके औषधीय उपयोग को भी जानने हेतु प्रेरित किया। स.ध. राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या रेखा मंडोवरा ने बच्चों को बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर किस तरह छोटे छोटे वाक्यों से हम सरलता व सहजता से अंग्रेजी में बातचीत कर सकते हैं।

इस दौरान उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शुद्ध व शाकाहारी भोजन अपनाते हुए प्रतिदिन योग,ध्यान एवं व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लाभ बताये तथा बच्चों को उद्यान के ओपन जिम उपकरणों के भी उपयोग से अवगत कराया।

एकजुट संस्था के अध्यक्ष स्नेहिल कुमार ने एबीसी के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि रोजमर्रा की दौड़-धूप भरी जिन्दगी की व्यस्तता के बीच मन की एकाठाता को बढाने में योग कैसे सहायक हो सकता है? ध्यान के नियमित अभ्यास से याददाश्त बढने की भी जानकारी दी।

साथ ही बच्चों के अलग-अलग समूह बनाकर उनकी आपस में अंठोजी में चर्चा करायी तथा विभिन्न रोचक टास्क आदि के माध्यम से अंग्रेजी में बातचीत करना सिखाया ताकि उनकी झिझक खुल सके, आत्मविश्वास बढे और उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके। शिविर में बच्चे काफी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

शिविर में नेशनल डिफेंस अकादमी कोच सीपी खंगारोत, हरिसिंह, ग्रंथित, रुखसाना आदि ने सभी बच्चों को सुभाष उद्यान के अम्बेडकर पार्क तथा सावित्री बाई फुले पार्क में ''पासिंग द बॉल विद वन न्यू वर्ड'' गेम्स के जरिये शब्दकोष बढाने के लिए भी प्रेरित किया।

शिविर में बच्चों को सह आचार्या सविता जाटव तथा वसुधा मैम ने ''हम होंगे कामयाब'' गाने के अंग्रेजी वर्जन ''वी शैल ओवरकम... '' का भी सामूहिक गायन कराया।

आयोजक संस्था इन्टैक ब्यावर अध्याय के कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत ने बताया कि सुभाष उद्यान में आज दुबई में सीए स्वप्निल तापड़िया, बैंगलोर केवी में अंग्रेजी व्याख्याता संगीता सिंह, जयपुर में प्रशिक्षु दीपिका सोनी, पटेल स्कूल के प्रिंसीपल अब्दुल हनीफ खान, नेशनल गेम्स टीम कोच नरेश कुमार सहित अनेक महानुभावों ने अपने अनुभव सुनाये तथा मार्गदर्शन किया। सभी ने जलपान के बाद बिचडली तालाब का भी अवलोकन किया।

शिविर में संस्था सदस्य प्रकाश गदिया, मदन मोहन मोदी, उत्तम भण्डारी, गोविन्द परिहार, एस एन अठावाल आदि ने भी सक्रियता से भाग लिया। इन्टैक को-कन्वीनर श्याम शर्मा ने सभी का आभार जताया।

## प्रगतिशील राजपूत महासभा के चुनाव संपन्न

**अजमेर**, (कासं)। प्रगतिशील राजपूत सभा के चुनाव 3 वर्ष के लिए आनासागर पुलिस चौकी के सामने श्री चामुंडा माता मंदिर पर प्रभु सिंह राजावत निर्वाचन अधिकारी और सुरेंद्र सिंह भाटी सह निर्वाचन अधिकारी की देख-रेख में संपन्न हुए, जिसमें 3 वर्ष के लिए नवीन कार्यकारिणी का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजावत ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए प्रताप सिंह चौहान, संरक्षक बाबू सिंह पंवार, मदन सिंह चौहान, वरिष्ठ सलाहकार ईश्वर सिंह सांखला, देवी सिंह चौहान, हुकुम सिंह राठौड़, गोवर्धन सिंह टांक, उपाध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राम सिंह निर्वाण, उपाध्यक्ष के पांच पदों पर लेखराज सिंह राठौड़, हिम्मत सिंह राठौड़, इंदर सिंह राजावत, जगदीश सिंह खंगारोत, विजय सिंह सोलंकी, महामंत्री दो पद पर मुकेश सिंह भाटी, सत्यनारायण सिंह चौहान, मंत्री के छह पद पर भंवर सिंह राजावत, विजय सिंह नाथावत, कमल सिंह जेतमाल, कैलाश सिंह भाटी, संयुक्त मंत्री पद पर दलबीर सिंह चौहान, शंकर सिंह बडगूजर, नरेंद्र सिंह गौड़, वीरेंद्र सिंह चौहान और नरेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष पद पर घनश्याम सिंह चौहान, सह कोषाध्यक्ष पद पर राजेश सिंह भाटी, प्रचार मंत्री तीन पदों पर सत्यनारायण सिंह गौड, महेंद्र सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह भाटी, संगठन मंत्री शंकर सिंह राठौड, गोपाल सिंह पवार, मंगल सिंह पवार, नंदकिशोर तंवर, बलविंदर सिंह पवार, रमेश चंद्र चौहान सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री चार पद नरेंद्र सिंह पवार, प्रशांत सिंह चौहान, विजेंद्र सिंह चौहान मीडिया प्रभारी भंवर सिंह राठौड़, विधि मंत्री रणजीत सिंह नरूका, कानूनी सलाहकार कमल सिंह राठौड़, अंकेक्षक रणजीत सिंह शेखावत कार्यकारिणी सदस्य मदन सिंह गहलोत, अक्षय जेतमाल, उमेश सिंह भाटी, शिवराज सिंह तोमर, सज्जन सिंह राठौड़, गोपाल चौहान, रणजीत सिंह चौहान दिलीप सिंह गौड, सतीश सिंह सोलंकी, नितेश सिंह शेखावत और महिला अध्यक्ष सीता कंवर पवार, चुने गए. निर्वाचन के पश्चात निर्वाचन अधिकारी ने श्री चामुंडा माता के सम्मुख नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

इसके बाद समय भोज का आयोजन हुआ, कार्यक्रम का संचालन भंवर सिंह राठौड़ ने किया।

## 155 नेत्र रोगियों की जांच

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। बाबा साहेब रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल के आर्थिक सहयोग से आयोजित नि:शुल्क शिविर में 155 नेत्र रोगियों की जांच की गई। साथ ही 42 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये उपयुक्त पाया। लॉयन्स क्लब क्लासिक के तत्वाधान में सूरज देवी पाटनी सभागार में चयनित रोगियों को नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकर आई हॉस्पिटल जयपुर भेजा गया। संयोजक नरेंद्र मेहता ने बताया कि लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित सभी 42 रोगियो के लिए लेंस, बस व्यवस्था, भोजन, आवास, चश्मा सहित व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। अध्यक्ष मुकेश गोयल ने के अनुसार सचिव रमाकांत काबरा, नरेंद्र मेहता, रोहित मेहता, पदम जैन, अमित अग्रवाल, महेंद्र नाहर, मुकेश बज, संजय नागर, स्काउट गाइड आर के पाटनी कॉलेज की स्काउट छात्राओं, स्काउट सदस्यों ने सहयोग किया।